FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट दिनांक 07.10.2024 थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना साइबर पुलिस टीम द्वारा वादी का मोबाइल हैक करके ऑनलाइन ठगी में वादी के 37 हजार रूपये कराए सकुशल वापस।

वादी श्री विमल कुमार पुत्र श्री राम नरेश निवासी कृष्णा नगर जलेसर रोड थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना साइबर पर प्रार्थना -पत्र दिया गया था कि किसी अज्ञात के द्वारा मोबाइल हैक करके वादी के बैंक खाते से कुल 37 हजार रुपयों की ऑनलाइन ठगी कर ली गयी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवक्षण में साइबर प्रभारी को घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। साइबर पुलिस टीम द्वारा समयबद्ध प्रयास करते हुए सम्बन्धित बैंको को पत्राचार किया गया जिसके क्रम में आज दिनांक 07.10.2024 को साइबर पुलिस टीम द्वारा वादी के 37 हजार रूपये सकुशल वापस कराए गए। वादी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित एवं साइबर पुलिस टीम का धन्यवाद प्रकट किया गया।

गिरफ्तारकरनेवालेअधि0/कर्मचारीगण-

1.प्र0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार द्विवेदी थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
2.निरीक्षक श्री मनोज कुमार यादव थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
3.है0 का0 श्री राकेश कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
4.का0 सौरभ कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
5.का0 मोहन ठाकुर थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
6.का0 अक्षय डेडा थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।
7.का0 अतुल भार्गव थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद।